1107
9/2/13
बिहार विधान मंडल पुस्तकालय
शोध/संदर्भ ग्रंथ

खण्ड : 6

संख्या : 15

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

---

## (षष्ठम् सत्र)

---

## (भाग-2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

---

सत्यमेव जयते

**सोमवार, दिनांक : 15 जुलाई 1996 ई०**

मैं सरकार से मांग करता हूं कि उक्त जगह पर इन्दिरा आवास बनवाये जायें।

**( द ) मदरसा की सरकारीकरण**

**श्री गुरू सहाय महतो :** अध्यक्ष महोदय, गिरिडीह जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड धनवार में कुबरी, ममाअहरी, डाकोशारण गांवों मानपुर, माल्डा, हरणी तिसरी में भन्डारी, अड्सार प्राइवेट मदरसा वर्षों से कार्यरत है। अल्पसंख्यकों को शिक्षा की कठिनाई है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इन मदरसों को सरकारीकरण की दर्जा दी जाए।

**( ध ) परीक्षा का बहिष्कार**

**श्री जगबन्धु अधिकारी :** अध्यक्ष महोदय, भूपेन्द्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय के अन्तर्गत विधि परीक्षा संचालन में अनियमितता एवं लापरवाही के चलते छात्रों द्वारा परीक्षा बहिष्कार एवं पुलिस द्वारा लाठी चार्ज से छात्र आन्दोलन पर उतारू है। नीतिगत फैसला-"गृह केन्द्रों में परीक्षा संचालन नहीं" के विपरीत सहर्षा प्रमंडल के साथ पक्षपात एवं पूर्णियां प्रमंडल के विधि महाविद्यालयों के छात्रों के साथ भेद-भाव के चलते पूर्णियां प्रमंडल के छात्रों को परीक्षा बहिष्कार के लिए मजबूर किया गया। साथ ही, सहर्षा एवं मधेपुरा केन्द्र में प्रश्न पत्र वितरण में गड़बड़ी के चलते उत्तेजित छात्र परीक्षा बहिष्कार करते हुए सड़क पर उतर आये।

विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय की अड़ियल रूख के कारण हजारों पूर्णियां प्रमंडल के विधि छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है।